

प्राचीन बावड़ी का होगा जीर्णोद्धार, श्रमदान कर की गई सफाई

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वीरपुर में 108 कलश की यात्रा निकली

नवभारत न्यूज

सतना 25 मई, प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उचेहरा जनपद की वीरपुर ग्राम पंचायत में प्राचीन बावड़ी के संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान जल स्त्रोत पूजन के साथ 108 कलश यात्रा भी निकाली गई।

कार्यक्रम की शुरुआत गांव की प्राचीन बावड़ी में श्रमदान से हुई ।जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने मिलकर बावड़ी में जमा काई-कचरा हटाया तथा

दीवारों पर उगी झाड़ियों की साफ-सफाई की। श्रमदान के माध्यम से बावड़ी को पुनर्जीवित करने का संदेश दिया गया। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। गांव के मंदिर से कार्यक्रम स्थल तक महिलाओं और बालिकाओं ने 108 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत वीरपुर के सरपंच शिवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि प्राचीन समय में बावड़ियां वर्षा जल संग्रहण और भू-जल स्तर बनाए रखने का प्रमुख माध्यम थीं।

साथ ही यह सामाजिक मेलजोल का भी महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करती थीं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत बावड़ी के जीर्णोद्धार एवं पुनर्जीवन के लिए करीब 6 लाख 5 हजार रुपये की लागत से जल्द कार्य शुरू कराया जाएगा। कार्यक्रम में उचेहरा जनपद सीईओ ओपी अस्थाना, वीरपुर ग्राम पंचायत के सरपंच शिवेंद्र सिंह परिहार, उपयंत्री राकेश ताम्रकार, दीपक सिंह, हरनाम सिंह, एपीओ मनीषा कुरील विधायक प्रतिनिधि भागवेद सिंह परिहार, वीसी लक्ष्मीकांत तिवारी, जनपद सदस्य राजाराम कुशवाहा, एडीओ प्रभांशु कमल शुक्ला, अनुराज ताम्रकार, पुष्पेंद्र सिंह, निखिल सिंह, सचिव ज्ञानेंद्र सिंह, सचिव सीएल सिंह, रोजगार सहायक तेजभान सिंह, वीरू प्रजापति, सहित नवांकुर संस्था सर्जना अध्यक्ष सुरेश दाहिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

धर्मशाला से निकली भव्य शोभायात्रा

श्रीमद् भागवत भवन में श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

नवभारत न्यूज

नागौद 25 मई, सोमवार से चौदह दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ एवं श्री राम कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन मुख्य यजमान श्रीमती अर्चना अरुण गोयल परिवार द्वारा धर्मशाला श्री राम जानकी मंदिर से एक भव्य एवं विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई।

यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गाजे-बाजे और धार्मिक जयकारों के साथ कथा स्थल श्रीमद् भागवत भवन पहुंची, जहाँ विधि-विधान से घट स्थापना कर कथा का संकल्प लिया गया।

भक्तिमय माहौल में गूंजी भागवत आरती- कथा के प्रथम सोपान पर सुप्रसिद्ध कथाव्यास आचार्य बद्री विशाल समदरिया महाराज ने श्रीमद्भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा साक्षात श्रीकृष्ण का वाङ्मय स्वरूप है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और भक्ति का उदय होता है। व्यासपीठ का पूजन मुख्य यजमान परिवार द्वारा किया गया। प्रथम दिन की आरती में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। यह कथा आगामी 7 जून तक 14 दिनों तक निरंतर चलेगी, जिसमें प्रतिदिन भगवान की विभिन्न बाल लीलाओं और प्रसंगों का दिव्य वर्णन किया जाएगा।

जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा कथा पंडाल

नवभारत न्यूज

उचेहरा 25 मई, जो अपने माता पिता को अपने प्राणों के समान प्रेम करता है उसके लिये धर्म, अर्थ ,काम और मोक्ष ये चारों पदार्थ उसकी हथेली में रखे हुये रहते हैं .

यह उद्बोधन पंडित अरुणेश मिश्रा ने उचेहरा के गरादाबाबा धाम में चलरही श्रीराम कथा में राम वनवास के प्रसंग पर कही , राम वनगमन का प्रसंग सुनकर

श्रोता भावविभोर हो गये, व जय श्रीराम की जयकार से पंडाल गूंजने लगा , विदित हो की यह कथा पावन पुरुषोत्तम मास के अवसर पर गरादाबाबा धाम में 26 मई तक अनवरत जारी रहेगी।

भटनवारा में पेयजल संकट दूर करने संगठन ने उठाई मांग

नवभारत न्यूज

सतना 25 मई, भीषण गर्मी और बढ़ते पेयजल संकट को दूर करने उचेहरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत भटनवारा के सामाजिक संगठन ग्राम विकास मंच के सचिव विकास सेन अध्यक्ष शुभांचल चौधरी की अगुवाई में ग्राम सरपंच की अनुपस्थिति में रोजगार सहायक धीरज विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंप कर ग्राम पंचायत के विभिन्न मोहल्लों में बिगड़े हैंडपंपो की मरम्मत कराये जाने एवं पुराने बोरवेल को पुनः चालू कराने की मांग किया।

ज्ञापन में तीन प्रमुख बिंदुओ पर ध्यान आकृष्ट कराते कहा कि जल

स्तर गिरने से गढ़ी मोहल्ला (सेमरी रोड) में स्थित हैंडपंप में अतिरिक्त पाइप डालने की जरूरत है ,नई बस्ती के मुख्य मार्ग में लगा हैंड पंप काफी समय से पूरी तरह खराब पड़ा है, जिसके कारण इस बस्ती के निवासियों को पेयजल के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों पर निर्भर होना पड़ता है।

इसी प्रकार पानी टंकी के आगे चौड़ा रोड (पुराना बोरवेल) जो वर्तमान समय में बंद पड़ा है। इसमें अगर इसमे नई मोटर डालकर इसे पुनः चालू करवा दिया जाए तो निश्चय ही ग्रामीण जनो को पेय जल संकट से राहत मिल सकती है। ज्ञात हो कि वर्तमान समय गांव में सिर्फ 1 ही बोरवेल है जो पंचायत भवन में है उसी के भरोसे ग्रामीण जनो की प्यास बुझती हैं,लेकिन इसके लिए ग्रामीणों को घण्टों का इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणो ने पंचायत के जिम्मेदारो से उम्मीद लगाई है कि उनकी मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा ।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से महेंद्र यादव ,राज विष्वकर्मा आकाश सेन, सुबोध यादव, सोयल खान, अतुल सोनी, बेटू चौधरी, राहुल चौधरी, ललित विष्वकर्मा, प्रवीण विश्वकर्मा सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे ।

समर कैंप में विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

नागौद। आज दिनांक 25 मई 2026 को पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल नागौद में 1मई 2026 से लगातार चल रहे समर कैंप में छात्र-छात्राओं को विविध प्रकार की गतिविधियां खेलकूद, रंगोली, पेंटिंग अंग्रेजी में वार्तालाप इंट्रोडक्टरी एक्टिविटीज, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट व योगाभ्यास करवाए गए। संस्था के प्राचार्य श्री ए पी सिंह परिहार द्वारा नियमित योग के अनगिनत फायदे छात्र-छात्राओं को बताए गए। सभी का आह्वान करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहां की हमें दैनिक रूप से योगाभ्यास करना चाहिए। योग से हमारे जीवन में बहुत बड़े बदलाव आते हैं विशेष कर छात्र-छात्राओं में आजकल जो अध्ययन में एकाग्रता का अभाव देखा जाता है नियमित रूप से योगा करने पर हम अपने लक्ष्य में शत प्रतिशत एकाग्रता के साथ कार्य कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राकेश प्रताप सिंह, सहयोगी दीपक रैकवार, सहभागी नमी कोरी, काजल कोरी, आराध्या अग्रवाल, आरव अग्रवाल, अनुज्ञा साहू, अर्चना कोरी, अंतिमा कोरी, रूबी कोरी, अंकिता कोरी, नैंसी कोरी, मानस वर्मा, अंकित वर्मा आदि उपस्थित रहे।*

लायन डॉ . रमेश मिश्रा को आउट स्टैंडिंग सचिव का सम्मान

नवभारत न्यूज

कोटर 25 मई, इंदौर में मल्टीपल 3233कि वार्षिक कांफ्रेंस में लायंस क्लब के सचिव डॉ रमेश मिश्रा को पर्यावरण संरक्षण में आउट स्टैंडिंग सचिव के रूप में सम्मानित किया किया .

लायंस क्लब द्वारा अक्टूबर में सेवा जनवरी 26 में फूड फॉर हंगर सप्ताह एवं अप्रेल में पर्यावरण संरक्षण सप्ताह चलाया गया उसी में इंदौर के कांफ्रेंस में इंटरनेशनल डायरेक्टर मित्तल चुने गए एवं मल्टीपल कैंसिल चेयरमैनलायन मनीष शाह मल्टीपल सचिव लायन सुनील अरोड़ा कोषाध्यक्ष लायन सुधीर जैन एवं मल्टीपल पत्रिका संयोजक पीडीजी लायन सतेंद्र शर्मा की उपस्थित

में सम्मान प्रदान किया गया ड्रा रमेश मिश्रा ने बताया कि लायन सतेंद्र शर्मा जी की कर्मठता सहयोग मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ है लायंस क्लब सतना को राष्ट्रीय आठ अवॉर्ड प्रात हुए है लायंस क्लब उद्धव के अध्यक्ष मृत्युंजय भी शामिल रहे लायन प्रथम वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर लायन पवन मालिकसतना द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर अनिल अग्रवाल भिलाई ने भाषाई दी है लायन डॉ रमेश मिश्रा को जोन चेयरपर्सन की नियुक्ति श्वद्वद्धद्ध लायन रिपुदमन सिंह पुसरी गवर्नरश ने बनाया है और ज्यादा जिम्मेदारी दी हैमल्टीपल में तीन प्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ एवं मप्र आता है जिसमें कार्यक्रम में चौदह सौ से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

शांति सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

रामनगर 25 मई, थाना कार्यालय रामनगर में एसडीएम एस. पी मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित शांति एवं सुरक्षा समिति की बैठक में ईद उल उजहा(बकरीद) पर्व को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई।

बैठक में एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा, तहसीलदार रामनगर अनामिका सिंह, नायब तहसील दार ब?वार, रोशन लाल रावत, ललित धर्वे, द्विवेदी जी, थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी, जनपद कर्मचारी, नगर परिषद कर्मचारी, बिजली विभाग

के कर्मचारियों सहित वार्ड पार्षद, सरपंच, पंच, विधायक प्रतिनिधि, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, आम जन एवम काफी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी मौजूद रहे, आयोजन में कुर्बानी के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी देते हुए, शांति एवं उत्साह पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई।

जैन समाज ने मौन जुलूस निकाल कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

नागौद 25 मई, रीवा में नित्य क्रिया के दौरान पूज्य गुरु माताएं आरिका श्रुतुमयी माताजी एवं आरिका उपसमयी माताजी के साथ हुई अत्यंत दुखद सड़क दुर्घटना और वाहन चालक के घटना के बाद फरार हो जाने से संपूर्ण जैन समाज को गहरा आघात पहुंचाया है।

यह घटना केवल जैन समाज की भावनाओं से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि संत परंपरा, धार्मिक मूल्यों एवं सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न भी खड़े करती है ।उक्त दुर्भाग्यपूर्ण घटना के विरोध एवं संत सुरक्षा की मांग को लेकर समस्त

जैन समाज नागौद द्वारा दिनांक 25 मई 2026, सोमवार, प्रातः 8ः30 बजे एक मौन जुलूस एवं विरोध प्रदर्शन किया गया ,मौन जुलूस दिगम्बर जैन मंदिर परिसर से प्रारम्भ होकर पुरानी कोतवाली, गांधी चौक, जवाहर चौक, बस स्टैंड होता होते हुए कचेहरी पहुंचा । राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी नागौद को सौंपा गया । इस आयोजन का उद्देश्य संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करना तथा समाज में धार्मिक व्यक्तित्वों के सम्मान एवं संरक्षण हेतु जनजागरण करना है।

जल गंगा संवर्धन अभियान : देवरा मोल्हाई में गंगा दशहरा पर विशाल रैली का आयोजन

जल संरक्षण का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

रामनगर 25 मई, म.प्र. जन अभियान परिषद, जिला मैहर के अंतर्गत, कलेक्टर श्रीमती विदिशा मुखर्जी के निर्देशन, जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी एवं ब्लॉक समन्वयक प्रदीप तिवारी के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था नवपरिवर्तन जन कल्याण संस्थान सेक्टर न 03 द्वारा देवरामोल्हाई में ग्राम पंचायत देवरामोल्हाई के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य मुख्य अतिथि रामखेलावन कोल जिला पंचायत अध्यक्ष सतना चंद्रभान सिंह जनपद सदस्य अध्यक्षता भारती दीक्षित मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामनगर ललित धुर्वे नायब तहसीलदार रामनगर प्रदीप तिवारी ब्लाक समन्वयक रामनगर दिवाकर सिंह सरपंच ग्राम पंचायत देवरामोलहाई बरिष्ठ समाजसेवी रामजी अवधिया की गरिमामयी उपस्थिति मे संपन्न हुआ. कार्यक्रम मे जल पूजा जल संवाद जल संरक्षण शपथ श्रम दान के साथ रैली निकालकर जल संरक्षण का सन्देश दिया गया। कार्यक्रम में नवाकुर अध्यक्ष लक्ष्मी साकेत सचिव कमलाबाई राकेश साकेत पंकज साकेत कमलेश सिंह सबिता विश्वकर्मा सरोज सिंह रामलखन सिंह लालबहादुर सिंह कप्तान सिंह सम्पत सिंह धीरेन्द्र त्रिपाठी सुनील सिंह परामर्शदाता रामसुसील कुशवाहा और भारी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

ग्रामोदय में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 25 मई। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नीति क्रियान्वयन के अंतर्गत छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु अभियांत्रिकी संकाय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे के निर्देशन में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नीति क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रो. नंदलाल मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में प्रो. नंदलाल मिश्र एवं नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं, मानसिक समस्याओं की पहचान तथा उनके व्यावहारिक समाधान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक दिनचर्या, संवाद एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन समिति सदस्य डॉ. रविकांत श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

सदाचार के पालन से होता है दुर्गुणों का नाश

चित्रकूट 25 मई, श्री फलहारी आश्रम जानकीकुण्ड स्थित आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के 3 दिवस पर कथा ब्यास रामप्यारेषरण दास ने कहा कि

कुसंग विष है। उससे सर्वदा सुरक्षित रहने का प्रयत्न करना चाहिए। सत्संग एवं स्वाध्याय अमृत है। इसका नित्य सेवन करें एवं सत्य और सदाचार को प्रयत्नपूर्वक शिथिल न होने दें। सदाचार का पालन करने से दुर्गुणों का नाश हो जाता है.

नागौद क्षेत्र में फिर सक्रिय हुआ बिजली तार चोर गिरोह

▶ 11 हजार केवी लाइन के 12 खंभों की तार काट ले गए चोर

नवभारत न्यूज

सतना 25 मई, नागौद थाना के पोड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र में एक बार फिर बिजली तार चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। बीती रात सतनाङ्कपोड़ी मार्ग पर मझगवां के पास अज्ञात चोरों ने 11हजार केवी बिजली लाइन के करीब 12 खंभों की तार काटकर चोरी कर ली।

घटना के बाद क्षेत्र में बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई और ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि इसी क्षेत्र में करीब तीन वर्ष पहले भी बिजली तार चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। उस समय भी कई खंभों की तार काटकर चोर ले गए थे। हालांकि तब पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर चोरी गई बिजली की तार बरामद कर ली थी। अब ताजा घटना के बाद एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस और बिजली विभाग से जल्द कार्रवाई कर चोरों को पकड़ने तथा क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया गया कि विभाग द्वारा किसी भी तरह की जानकारी व रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

ग्राम पंचायत पिपरा कला में गंगा दशहरा उत्सव आयोजित

नवभारत न्यूज

सतना 25 मई, गंगा दशहरा उत्सव के अवसर पर जल स्त्रोत पूजन एवं कलश यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत पिपरा कला द्वारा बड़े धूमधाम से टमस नदी तट खेर माई मंदिर प्रांगण में सरपंच श्रीमती कृष्णा कामता प्रसाद के मुख्य अतिथि रामकरण कुशवाहा समाजसेवी की अध्यक्षता अजय अरखेल उप यंत्री जनपद पंचायत मैहर श्रीमती कमलेश सेन के विशिष्ट अतिथि में किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता रानी की पूजा अर्चना कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया स्वागत उद्बोधन रोजगार सहायक विश्वनाथ कुशवाहा द्वारा दिया गया तत्पश्चात 21 सुसज्जित कलसो से कलश यात्रा टमस नदी घाट पहुंची जहां आचार्य श्यामसुंदर प्यासी जी द्वारा कलश पूजन संपन्न कराई गई घाट स्थल को स्वच्छ व सुंदर बनाए जाने की दिशा में घाट की सफाई की गई इस अवसर पर देवशरण मिश्रा सत्यमान प्यासी सचिव सोहनलाल कुशवाहा रामाश्रय कुशवाहा जोधाकुशवाहा रामनिवास रजक रामूलाल विश्वकर्मा सरमन प्रजापति करण कुशवाहा राम सजीवन कुशवाहा समय लाल दहिया स्व सहायता समूह की स्वयं सेविका शहित काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे आभार सचिव सोहनलाल द्वारा दिया गया।

लाइट लगाने के नाम पर यूपीपीसीएल ने किया करोड़ों का खेल

अरम सिंह राठौर

चित्रकूट 25 मई, भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास को संकल्पित उत्तर प्रदेष के मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अब तक जिले को तीन अरब से अधिक का बजट देने के बावजूद की पर्यटन विकास की चमक फीकी पडी हुई है।

यूपीपीसीएल जैसी भ्रष्ट कार्यदायी संस्थाओं की कार्यषैली से सीएम की उम्मीदों पर पानी फेरते नजर आ रहा है। चित्रकूट की देवगंगा मंदाकिनी के रामघाट के किनारे स्थित मठ-मंदिरों को पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए फसाद लाइट लगाने के नाम पर लाखों का खेल किया गया है। दो बार में अब तक डेढ करोड से अधिक का बजट ठिकाने लगाने के बाद भी रामघाट के मठ-मंदिरों में अंधेरा

छाया हुआ है। विष्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट दुनिया भर के करोडों हिन्दुओं के आस्था का केंद्र है। प्रतिमाह अमावस्या पर ला,खों की संख्सा में श्रद्धालु चित्रकूट पहुंच देवगंगा मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान श्रीकामतानाथ के दर्षन-पूजन कर कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाते है। चित्रकूट के आध्यात्मिक व पौराणिक महत्व को देखते हुए उत्तर प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन अरब से अधिक का बजट देकर चित्रकूट को विष्व स्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिषा में बडी पहल की है। इसके बावजूद पर्यटन विभाग के अधिकारियों की भ्रष्ट कार्यषैली के चलते गुणवत्ता विहीन कार्यो से सीएम योगी की उम्मीदों पर पानी फिरते नजर आ रहा है। चित्रकूट के रामघाट स्थित चरखारी मंदिर,यज्ञवेदी मंदिर,मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर,भरत मंदिर आदि प्राचीन तीर्थ स्थलों को पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए अब तक दो बार में करीब डेढ करोड की लगात से फसाद लाइट लगाने का काम यूपीपीसीएल द्वारा किया जा चुका है। सरकार का करोडों का बजट बर्दाद करने के बाद भी रामघाट के मठ-मंदिरों में अंधेरा छाया हुआ है।

गंगा यमुना इलेवन ने जीता SPL-16 का खिताब

▶ एक महीने तक 17 टीमों ने क्रिकेट लीग मैच में की शिरकत सदगुरू प्रीमियर लीग 2026 का हुआ भव्य समापन,

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 25 मई, सदगुरु मित्र मण्डल के तत्वावधान में आयोजित सदगुरु प्रीमियर लीग (SPL)-2026 के 16वें सीजन का भव्य एवं उत्साहपूर्ण समापन रविवार, 24 मई को श्री राम महायज्ञ स्मृति खेल परिसर में संपन्न हुआ।

इस वर्ष कुल 17 टीमों ने प्रतिभागिता की एवं दो पूल में लीग मैच खेले गए ।टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों, दर्शकों एवं सदगुरु परिवार के सदस्यों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

फाइनल मुकाबला कंस्ट्रक्शन सुपर किंग्स एवं गंगा यमुना इलेवन के मध्य खेला गया, जिसमें रोमांचक प्रदर्शन करते हुए गंगा यमुना इलेवन ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया ।फाइनल मैच के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. आलोक चौबे, कुलगुरु, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट द्वारा पूज्य गुरुदेव श्रीरणछो?दास जी महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।इस अवसर पर सदगुरु ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. ईलेश जैन एवं शिक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती उषा जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं ।साथ ही कार्यक्रम में डॉ. आलोक सेन, डॉ. गौतम परमार, डॉ. नरेंद्र पाटीदार, डॉ. राकेश शाक्या, डॉ. पूनम अडवाणी, डॉ. प्रज्ञा सेन, अनुभा अग्रवाल, आर.बी. सिंह चौहान एवं प्रमोदभाई हरियाणी सहित अनेक गणमान्य अतिथियों, चिकित्सकों, शिक्षकों एवं सदगुरु परिवार के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही । अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ. ईलेश जैन ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों का स्वागत करते हुए कहा कि, सदगुरु प्रीमियर लीग पिछले 16 वर्षों से सदगुरु परिवार के बीच आपसी एकता, अनुशासन, सौहार्द एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को निरंतर सशक्त कर रही है। उन्होंने दोनों फाइनलिस्ट टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, फाइनल तक पहुंचना ही दोनों टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने आयोजन समिति, कोच, मैनेजर एवं सभी सहयोगियों के योगदान की भी सराहना की । मैच रेफरी डॉ. तुषारकांत शास्त्री ने स्क्क-2026 की विस्तृत आख्या प्रस्तुत करते हुए पूरे टूर्नामेंट की उपलब्धियों, विभिन्न टीमों की सहभागिता एवं खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के आयोजन में खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना एवं उत्कृष्ट टीम वर्क का परिचय दिया, जो इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी उपलब्धि रही ।मुख्य अतिथि प्रो. आलोक चौबे ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त आधार है।